नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 15.01.2025	पृष्ठ सं0 (Page No). 03	क्रम सं0(Serial No.) 11

सीआईएसएफ की दो नई बटालियन मंजूर

नई दिल्ली, 14 जनवरी (नवोदय टाइम्स): गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के विस्तार को मंजूरी दे दी है। विस्तार के तहत सीआईएसएफ की दो नई बटालियन बनाई जाएंगी, प्रत्येक बटालियन में 1,025 जवान शामिल होंगे, यानी कुल 2,050 नए पद सृजित होंगे। मंत्रालय के इस फैसले के बाद सीआईएसएफ में बटालियन की कुल संख्या 13 से बढ़कर 15 हो जाएगी। दोनों नई बटालियन का नेतृत्व वरिष्ठ कमांडेंट रैंक के अधिकारी करेंगे, बयान में कहा गया है कि ये बटालियन सीआईएसएफ की बढ़ती मांगों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, खासकर आंतरिक सुरक्षा और उच्च सुरक्षा वाली जेलों के प्रबंधन में। गृह मंत्रालय ने इससे पहले सीआईएसएफ में महिला बटालियन की मंजूरी दी थी, मंत्रालय के नए कदम से राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती मिलने के साथ 2 हजार से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। इस विस्तार से सीआईएसएफ जवानों की कुल संख्या करीब दो लाख तक पहुंच जाएगी।